Bareilly, Friday, 28 March 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO :04 MIDDLE

# एसआरएमएस सीईटी में तीन दिवसीय हैकाथॉन 3.0 का आरंभ



कार्यक्रम के बारे में जानकारी लेते संस्थान के चेयरमैन.

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (27 March):** श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएमएस सीईटी) में तीन दिवसीय हैकाथॉन 3.0 गुरुवार को आरंभ हुआ. एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति ने फीता काट कर हैकाथॉन 3.0 का इनॉग्रेशन किया और इसके आरंभ होने की घोषणा की. प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देने के बाद उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों को लगातार सीखने और अपडेट होने के अवसर मिलता है और प्रतिभा में निखार आता है. ऐसे में जीत और हार की चिंता छोड़कर प्रतियोगिताओं में शामिल होना ही अपने आप में महत्वपूर्ण है.

## मिलेगा पुरस्कार

श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएमएस सीईटी) के प्रिंसिपल, प्रेसिडेंट आईआईसी एवं हैकाथॉन 3.0 के इवेंट डायरेक्टर डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने कहा कि कालेज के इंस्टीट्यूशनल इनोवेशन काउंसिल के सहयोग से टेक एज सेल द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में इस बार उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु और तेलंगाना राज्य के विभिन्न इंजीनियरिंग कालेजों के 157 प्रतिभागियों की 43 टीमें पहुंची हैं. इसमें मध्य प्रदेश और तमिलनाडु के 15-15 प्रतिभागी (4-4 टीमें), तेलंगाना के 6 प्रतिभागी (2 टीमें) और उत्तर प्रदेश के 35 प्रतिभागी (10 टीमें) शामिल हैं. इन प्रतिभागियों ने अपने तकनीकी एवं समस्या-समाधान कौशल से प्रौद्योगिकी का उपयोग कर 'सुरक्षित दुनिया के लिए स्मार्ट सोल्यूशन' थीम पर अपने प्रस्तावित समाधानों के लिए प्रोटोटाइप और मॉडल पर काम शुरू कर दिया है.